राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

रक्षाबंधन पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 10 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रक्षाबंधन (11 अगस्त) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि यह पर्व भाई–बहन के प्यार, स्नेह, कर्तव्य और दायित्वबोध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों और सनातन संस्कारों की शिक्षा प्रदान करनी चाहिए, ताकि ऐसे पवित्र रिश्तों की मिठास जीवनभर बनी रहे।

————

संस्कृत दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 10 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने संस्कृत दिवस की देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में शुमार संस्कृत भाषा ही भारतीय संस्कृति का मूल है। उन्होंने कहा है कि युवाओं में संस्कृत भाषा के प्रति रुझान बढ़ाने के अधिकाधिक प्रयास किए जाने चाहिए।

————

राज्यपाल का संस्कृत दिवस पर संदेष

दूरदर्षन व आकाषवाणी से प्रसारण गुरूवार को

जयपुर, 10 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के संस्कृत दिवस पर प्रदेषवासियों के नाम संदेष का प्रसारण गुरूवार 11 अगस्त को दूरदर्षन व आकाषवाणी से होगा। दूरदर्षन से सायं 6.55 पर और आकाषवाणी के सभी केन्द्रों से सायं 7.00 बजे यह संदेष प्रसारित होगा।

————